पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित कराते हुए अनलॉक व्यवस्था के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए

## पूरी सावधानी और सर्तकता बरतते हुए सभी आर्थिक, व्यावसायिक एवं औद्योगिक गतिविधियों का संचालन कराया जाए : मुख्यमंत्री

## हाई–वे, बाजारों तथा पार्कों में सघन पेट्रोलिंग करने के निर्देश

## सभी जगह सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन कराया जाए

## कामगारों/श्रमिकों को समयबद्ध ढंग से राशन किट तथा भरण–पोषण भत्ता उपलब्ध करवाया जाए

## अपनी पाली में ड्यूटी ज्वाइन करते समय तथा ड्यूटी समाप्त होने के पूर्व डॉक्टर तथा नर्स द्वारा अनिवार्य रूप से राउण्ड लिया जाए

## पूरे प्रदेश में जनपद स्तर पर नई टेस्टिंग लैब की स्थापना की कार्यवाही को और तेज किया जाए

## सभी अस्पतालों की इमरजेंसी सेवाओं में मरीजों के उपचार तथा आवश्यक ऑपरेशन कार्यवाही की दैनिक समीक्षा की जाए

## निगरानी समितियों में स्वच्छाग्रहियों को सम्मिलित किया जाए

## नोडल अधिकारियों से क्वारंटीन सेन्टर, कम्युनिटी किचन तथा कोविड अस्पतालों में साफ–सफाई सहित अन्य विषयों के सम्बन्ध में निरन्तर फीडबैक प्राप्त करें

## सभी रेलवे स्टेशनों पर थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

## अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से सिक इन्डस्ट्रियल यूनिट्स को क्रियाशील करने की कार्य योजना तैयार की जाए

## जून माह में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति के लिए गम्भीरता से प्रयास किए जाएं

**लखनऊ : 01 जून, 2020**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित कराते हुए अनलॉक व्यवस्था के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूरी सावधानी और सर्तकता बरतते हुए सभी आर्थिक, व्यावसायिक एवं औद्योगिक गतिविधियों का संचालन कराया

जाए। बाजारों में भीड़ एकत्र होने के दृष्टिगत उन्होंने सुरक्षा और पेट्रोलिंग की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री जी आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। राजस्व वृद्धि पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि जून माह में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति के लिए गम्भीरता से प्रयास किए जाएं। उन्होंने हाई–वे, बाजारों तथा पार्कों में सघन पेट्रोलिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी जगह सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन कराया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने क्वारंटीन सेन्टर तथा कम्युनिटी किचन व्यवस्था को पूर्व की भांति सुचारु रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश आने वाले कामगारों/श्रमिकों को क्वारंटीन सेन्टर ले जाकर उनकी मेडिकल स्क्रीनिंग की जाए। स्क्रीनिंग में स्वस्थ पाए गए कामगारों/श्रमिकों को अनिवार्य रूप से राशन किट उपलब्ध कराते हुए होम क्वारंटीन के लिए घर भेजा जाए। अस्वस्थ लोगों के उपचार के प्रबन्ध किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि कामगारों/श्रमिकों को समयबद्ध ढंग से राशन किट तथा भरण–पोषण भत्ता उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने सभी जरूरतमंदों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में कोई भूखा न रहे।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि समस्त अस्पतालों में साफ–सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं चुस्त–दुरुस्त हों, ताकि मरीजों को कोई असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि बेड शीट प्रतिदिन बदली जाए। अस्पतालों में सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ नियमित राउण्ड लें। समय से मरीजों को दवा उपलब्ध कराई जाए। अपनी पाली में ड्यूटी ज्वाइन करते समय तथा ड्यूटी समाप्त होने के पूर्व डॉक्टर तथा नर्स द्वारा अनिवार्य रूप से राउण्ड लेते हुए मरीजों के उपचार के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाई की जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को कोविड अस्पतालों की व्यवस्था

बेहतर से बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को समुचित उपचार उपलब्ध कराकर मृत्यु पर रोक लगाने पर ध्यान देना होगा।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि पूरे प्रदेश में जनपद स्तर पर नई टेस्टिंग लैब की स्थापना की कार्यवाही को और तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि तात्कालिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इन लैब्स को क्रियाशील करने पर फोकस किया जाए। उन्होंने नॉन कोविड अस्पतालों में मरीजों की उपचार सम्बन्धी गतिविधियों में वृद्धि करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों की इमरजेंसी सेवाओं में मरीजों के उपचार तथा आवश्यक ऑपरेशन कार्यवाही की दैनिक समीक्षा की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोविड–19 के संक्रमण को रोकने में निगरानी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके दृष्टिगत ग्रामीण व शहरी इलाकों में निगरानी समितियों को सक्रिय रखा जाए। स्वच्छता अभियान में स्वच्छाग्रहियों ने उपयोगी योगदान दिया है। इसे ध्यान में रखते हुए निगरानी समितियों में स्वच्छाग्रहियों को भी सम्मिलित किया जाए। इस सम्बन्ध में पंचायतीराज तथा ग्राम्य विकास विभागों द्वारा आवश्यक कार्यवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रभावी सर्विलांस व्यवस्था से इन्ट्रा–स्टेट बस सेवा सहित विभिन्न गतिविधियों को प्रारम्भ करने में आसानी होगी। उन्होंने नोडल अधिकारियों से क्वारंटीन सेन्टर, कम्युनिटी किचन तथा कोविड अस्पतालों में साफ–सफाई सहित अन्य विषयों के सम्बन्ध में निरन्तर फीडबैक प्राप्त किए जाने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि आज से रेल सेवा के प्रारम्भ होने के दृष्टिगत सभी रेलवे स्टेशनों पर थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्टेशन पर प्रशासन, पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अनिवार्य रूप से तैनात हों। स्टेशन पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की स्क्रीनिंग की जाए। रेलवे स्टेशन पर हर यात्री को कोरोना से बचाव के सम्बन्ध में हैण्डबिल उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से सिक इन्डस्ट्रियल यूनिट्स को क्रियाशील करने की कार्य योजना तैयार की जाए। इसके लिए ऐसी औद्योगिक इकाइयों की मैपिंग की जाए। उन्होंने आम के निर्यात के सम्बन्ध में कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व श्रीमती रेणुका कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री हितेश सी0 अवस्थी, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री एस0पी0 गोयल तथा श्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव एम0एस0एम0ई0 श्री नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज श्री मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव कृषि श्री देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव श्रम श्री सुरेश चन्द्रा, सचिव मुख्यमंत्री श्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक श्री शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

\-\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-Unlock Review Meeting-01 June, 2020.doc***